भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 849

**दिनांक 06 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए**

## चीनी उत्पादों पर प्रतिबंध

**849 श्री राजीव शुक्ला:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में आयातित चीनी उत्पादों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने हाल के वर्षों में चीन से आयातों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कोई कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क): पिछले तीन वर्षों अर्थात 2022-23 से 2024-25 तक के लिए चीन से किए गये आयात का विवरण वाणिज्य विभाग की वेबसाइट https://tradestat.commerce.gov.in/eidb/country_wise_all_commodities_import पर उपलब्ध है और चालू वर्ष अर्थात 2025-26 (अप्रैल से नवंबर) के लिए भी वाणिज्य विभाग की वेबसाइट https://tradestat.commerce.gov.in/meidb/country_wise_all_commodities_import से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(ख): भारत सरकार समय-समय पर विभिन्न हितधारकों द्वारा उठाए गए मुद्दों, जिनमें राष्ट्रीय हित से संबंधित मामले भी शामिल हैं, का समाधान करने के लिए उचित कदम उठाती है।

*******